मध्यप्रदेश विधान सभा
(चतुर्दश विधान सभा)

शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति
का
सप्तम् प्रतिवेदन

(जनवरी-अप्रैल, 2001 सत्र से संबंधित)

(यह प्रतिवेदन 15 दिसम्बर, 2015 को सदन में प्रस्तुत)

विषय सूची

क्रमांक (1)	विषय (2)	पृष्ठ संख्या (3)
1.	**समिति का गठन**	(i)
2.	**प्रस्तावना**	(ii)
3.	**प्रतिवेदन में सम्मिलित विभागवार आश्वासनों की सूची**	(iii)
4.	**विभागों के नाम:-**	
	(1) नगरीय प्रशासन एवं विकास	1
	(2) राजस्व	8
	(3) गृह(पुलिस)	14
	(4) जल संसाधन	17
	(5) लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	19
	(6) चिकित्सा शिक्षा	20
	(7) स्कूल शिक्षा	22
	(8) पशुपालन	25
	(9) खनिज साधन	26
	(10) महिला एवं बाल विकास	27
	(11) कृषि	30
	(12) उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण	31
	(13) वन	32
	(14) आदिम जाति कल्याण	33
	(15) उच्च शिक्षा	34
	(16) लोक निर्माण	36
	(17) सहकारिता	45
	(18) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी	49
	(19) सामान्य प्रशासन	51
	(20) पंचायत एवं ग्रामीण विकास	52
	(21) खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण	54
	(22) ऊर्जा	55
5.	i. **परिशिष्ट – 1** (विशेष टिप्पणी) ii. **परिशिष्ट – 2** (विभागीय जांच के अनिर्णीत प्रकरण) iii. **परिशिष्ट – 3** (जनवरी-अप्रैल, 2001 सत्र के पूर्व प्रतिवेदनों में सम्मिलित आश्वासनों की सूची)	58 59 60

शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति का गठन
(वर्ष 2015-16)

सभापति

1. श्री राजेन्द्र पाण्डेय

सदस्यगण

2. श्री बालकृष्ण पाटीदार
3. श्री लोकेन्द्र सिंह तोमर
4. श्री सूबेदार सिंह रजौधा
5. श्री इन्दर सिंह परमार
6. श्री के.के.श्रीवास्तव
7. चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी
8. श्री चन्द्रशेखर देशमुख
9. श्री सुखेन्द्र सिंह बन्ना
10. श्री हरदीप सिंह डंग
11. श्री नीलेश अवस्थी

विधान सभा सचिवालय

1.	श्री भगवानदेव ईसरानी	. .	प्रमुख सचिव
2.	श्री ए.पी.सिंह	. .	सचिव
3.	श्री जी.के.राजपाल	. .	अपर सचिव
4.	श्री बी.डी.सिंह	. .	उप सचिव
5.	श्री आर.के.गुप्ता	. .	अवर सचिव
6.	श्री सुरेश कुमार त्रिवेदी	. .	अनुभाग अधिकारी
7.	श्री शिवप्रसाद बुन्देला	. .	अनुभाग अधिकारी

प्रस्तावना

मैं, शासकीय आश्वासनों सम्बन्धी समिति का सभापति, समिति की ओर से प्राधिकृत होकर समिति का सप्तम् प्रतिवेदन (चतुर्दश विधान सभा) सदन के समक्ष प्रस्तुत करता हूं।

2. यह समिति मध्यप्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 224(1) के अन्तर्गत 12 अगस्त, 2015 को गठित की गई थी।

3. इस प्रतिवेदन में जनवरी-अप्रैल, 2001 सत्र में विधान सभा में मा.मंत्रिगणों द्वारा सदन में दिये गये आश्वासनों को सम्मिलित किया गया है। वर्णित सत्र में मा.मंत्रियों द्वारा शासन के विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 499 आश्वासन दिये गये थे, 371 आश्वासनों का निराकरण क्रमश: एकादश विधान सभा एवं द्वादश विधान सभा के विभिन्न प्रतिवेदनों में किया जा चुका है, 01 आश्वासन विलोपित किया गया है एवं 01 आश्वासन छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित है। इस प्रकार शेष 126 आश्वासनों पर शासन द्वारा की गई कार्यवाही का परीक्षण कर विभागीय अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/ सचिव का मौखिक साक्ष्य लिया गया तथा विचारोपरान्त आश्वासनों को इस सप्तम् प्रतिवेदन में शामिल करने का निर्णय लिया गया।

4. आश्वासनों की अभिपूर्ति हेतु मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन एवं संसदीय कार्य विभाग द्वारा जारी परिपत्रों का विभागों द्वारा पालन नहीं किये जाने से कई विभागीय आश्वासनों की अभिपूर्ति लगभग 14 वर्ष बाद भी नहीं हो पाई है। संसदीय कार्य नियमावली के अध्याय 8 (आश्वासन) की कण्डिका 8.5(4) अनुसार आश्वासनों के संबंध में आश्वासन पंजी का कई विभागों द्वारा न तो संधारण किया जा रहा है और न ही पंजी मंत्री जी के अवलोकनार्थ भेजी जा रही है. समिति इस पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करती है तथा अपेक्षा करती है कि संसदीय कार्य नियमावली का पालन कड़ाई से किया जाकर लंबित आश्वासनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर उनका समय सीमा में निराकरण किया जायेगा।

5. इस संबंध में समिति की विशेष टिप्पणी (परिशिष्ट – ''एक'') पर प्रदेश के मुख्य सचिव व संसदीय कार्य विभाग उचित कार्यवाही करें, यह समिति की अपेक्षा है। इस सत्र के शेष आश्वासनों पर पूर्व में प्रतिवेदन दिए जा चुके हैं, जिसकी सूची परिशिष्ट –''तीन'' पर संलग्न है।

6. समिति की बैठक दिनांक 01 दिसम्बर, 2015 में इस प्रतिवेदन के प्रारूप पर विचार कर अनुमोदित किया गया।

6. समिति विधान सभा सचिवालय के प्रमुख सचिव/सचिव एवं संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों, विभागीय अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों एवं सचिवों तथा जिन्होंने समिति के कार्यो में सहयोग प्रदान किया, उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करती है।

राजेन्द्र पाण्डेय
सभापति
शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति

स्थान :- भोपाल
दिनाक:- 01 दिसम्बर, 2015.

प्रतिवेदन में सम्मिलित विभागवार आश्वासनों की सूची

क्र.	विभाग का नाम	आश्वासन क्रमांक
1.	नगरीय प्रशासन एवं विकास	01, 04, 07, 08, 10, 13, 18, 23, 25, 30, 41, 45, 48
2.	राजस्व	59, 61, 64, 69, 71, 72, 75, 76, 80, 81, 82, 89, 93, 94, 95, 100, 102
3.	गृह(पुलिस)	112, 114, 115, 117, 123, 133, 135
4.	जल संसाधन	157, 162, 165 ''अ'', 248
5.	लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	168, 172
6.	चिकित्सा शिक्षा	184, 187
7.	स्कूल शिक्षा	190, 191, 193, 194, 201, 205, 206, 207, 227, 234
8.	पशुपालन	254
9.	खनिज साधन	259, 262
10.	महिला एवं बाल विकास	292, 295, 296, 297, 299
11.	कृषि	306, 314
12.	उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण	312
13.	वन	324, 330
14.	आदिम जाति कल्याण	337
15.	उच्च शिक्षा	358, 359, 361
16.	लोक निर्माण	366, 367, 368, 370, 371, 372, 373, 374, 375, 379, 380, 381, 384, 385, 388, 389, 391, 392, 393, 394, 395, 396, 397, 398, 400, 402, 403, 404
17.	सहकारिता	405, (407+ 408), 413, 415, 419, 423
18.	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी	433, 438, 443, 446
19.	सामान्य प्रशासन	450, 453, 455
20.	पंचायत एवं ग्रामीण विकास	305, 458, 460, 472
21.	खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण	475
22.	ऊर्जा	486, 487, 490, 492, 492, 494, 496

जनवरी-अप्रैल 2001 सत्र
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्रवाई	समिति का अभिमत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	01	ता.प्र.सं.02 (क्र.4293) दि. 22.02.2001	जबलपुर महानगर के सराफा वार्ड में निर्माणाधीन मकान बगैर आयुक्त के आदेश के तोड़ने पर हुए नुकसान की राशि की वसूली तथा दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई एवं इस संबंध में आदेशित दण्डाधिकारी जांच को पूर्ण करने की अवधि।	(1) दण्डाधिकारी जांच के अनुसार जिम्मेदारी व्यक्तियों के खिलाफ वसूली की कार्रवाई की जावेगी। (2) जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी। (3) एक सप्ताह में जांच पूरी की जावेगी।	दिनांक 18.08.2000 को सराफा बाजार में श्री प्रकाश अग्रवाल का अवैध निर्माण हटाये जाने के दौरान आम नागरिकों को चोटें आई थी और इस घटना की मजिस्ट्रियल जांच कलेक्टर द्वारा आदेशित की गई थी। मजिस्ट्रियल जांच के निष्कर्षों के अनुसार श्री राकेश अयाची, उपायुक्त एवं श्री अजय शर्मा, कार्यपालन यंत्री को समय से पूर्व घटना स्थल पर न पहुंचने का दोषी बताया गया। प्रकरण के संबंध में दोषी अधिकारियों के खिलाफ वसूली की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया था उपर्युक्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर श्री राकेश अयाची उपायुक्त एवं श्री अजय शर्मा कार्यपालन यंत्री के विरूद्ध वसूली की कार्रवाई हेतु मेयर-इन काउन्सिल ने 22.12.2007 को इस घटना पर विचार कर संकल्प क्रमांक 281 पारित किया था जो इस प्रकार है –''आयुक्त के पत्र क्रमांक 258 दिनांक 19.02.07 के अनुसार सराफा कांड के जांच प्रतिवेदन पर विचार किया गया। तत्समय की गई मजिस्ट्रियल जांच में पाया गया कि कथित अतिक्रमण तोड़ने के लिये जे.सी.बी. मशीन भेजने के पूर्व सक्षम अधिकारी से स्वीकृति नहीं ली गई। जांच में निष्कर्ष यह है कि यदि सक्षम अधिकारी समय पर स्थल पर पहुंच जाते तो यह घटना घटित नहीं होती। यहां विचारणीय यह है कि जब उक्त कथित अतिक्रमण हटाने की सक्षम स्वीकृति नहीं ली गयी थी जो जिम्मेदार अधिकारी को उक्त घटना के लिये बगैर अनुमति लिये जे.बी.सी. मशीन को लाकर अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई के लिये वाला व्यक्ति जिम्मेदार है। इस बिन्दु पर मजिस्ट्रियल जांच में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला गया है। अत: जबलपुर कलेक्टर से निवेदन किया जाये कि जांच अधिकारी को उक्त बिन्दु पर जांच करने हेतु आदेशित किया जावे''। तदानुसार पत्र क्रमांक नि.स.(आ.)/2007 /17 दिनांक 30.05.2007 के द्वारा कलेक्टर जबलपुर को पत्र प्रेषित किया गया था। कलेक्टर (प्रथम) जबलपुर द्वारा अपने पत्र क्रमांक 60/स्टेनो/ अ.कले.-1/08 जबलपुर दिनांक 28.03.08 के द्वारा उत्तर प्रेषित कर लिखा गया है कि कार्रवाई आप अपने स्तर पर करने का कष्ट करें। उपरोक्त उत्तर के पश्चात् महापौर की बैठक दिनांक 09.11.09 के संकल्प क्रमांक 229 द्वारा निर्णय लिया गया – ''विनिश्चय किया गया कि उपरोक्तानुसार कलेक्टर (प्रथम)	कोई टिप्पणी नहीं।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
					जबलपुर के पत्र क्रमांक 60/स्टेनो/अ.कले. -1/08 जबलपुर दिनांक 28.03.2008 में वर्णित पैराग्राफ-2 के अंतर्गत वर्णित स्थितियों में श्री राकेश आयाची और श्री अजय शर्मा कार्यपालन यंत्री को जिम्मेदार नहीं माना गया है क्योंकि ये अधिकारी घटना घटित होने के पश्चात् पहुंचे थे तदनुसार इन अधिकारियो को दोषी न मानते हुये वसूली से मुक्त किया गया है । इस प्रकरण में माननीय न्यायालय चतुर्थ अपर जिला न्यायालय जबलपुर द्वारा व्य.वाद/क्र.21बी/2002 में दिये गये निर्णय दिनांक 09.10.2003 के परिपालन में नगर निगम द्वारा दिनांक 12.08.2004 को राशि रू. 1,78,625/- माननीय न्यायालय में जमा करा दी गई है । इसके अतिरिक्त घायलों को सहायता एवं उपचार पर राशि रू. 4,58,394/- की राशि व्यय हुई है । माननीय न्यायालय के आदेशानुसार क्षतिपूर्ति एवं उपचार सहायता का भुगतान किया जा चुका है । **विभागीय पत्र क्रमांक –** **2930/2611/2011/18-2,** **दिनांक 18.11.2011**	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
2.	04	ध्यानाकर्षण सूचना दि. 16.01.2001	बाणसागर परियोजना की मुख्य नहर के टूटने से कृषकों की फसले डूबने के कारण मुआवजा दिया जाना एवं नहर के टूटने की जांच कमिश्नर रीवा से कराई जाना तथा पावर के नाल की चार महीने के अंदर टूटने की जांच।	(1) कितनी फसल नष्ट हुई उसका भी आंकलन कर रहे है उनकी रिपोर्ट आते ही मुआवजा दे दिया जाएगा। (2) वह जांच करने के बाद जो रिपोर्ट देगें उसके अनुसार कार्रवाई करेंगे। (3) मैं जांच के आदेश दे दूंगा कि कमिश्नर साहब जांच कर लें। (4) ठीक है जांच के आदेश दे देते हैं दोषी अधिकारियों को निश्चित रूप से दंडित किया जाएगा।	• दिनांक 28.12.2000 को पावर चेनल-2 ग्राम सिलपरा के आर.डी. 514 किमी पर स्थित आर.सी.सी. डक्ट (क्रास ड्रेन) से पानी निकलकर आस-पास के खेतों में भर जाने के कारण फसल की नुकसानी हुई थी। • फसल की नुकसानी का सर्वेक्षण कलेक्टर, रीवा द्वारा कराया जाकर कुल मुआवजा रू. 4,78,500/- निर्धारित किया गया था। जल रिसाव के कारण फसलों के नुकसान के मुआवजे की स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता (सिविल) पी.एण्ड डी./परियोजना जबलपुर द्वारा यू.ओ. नोट क्रमांक 165 दिनांक 16.05.2001 द्वारा मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। • मंडल के सक्षम अनुमोदन पश्चात् चैयरमेन, म.प्र. विद्युत मंडल के यू.ओ. नोट क्रमांक 5258 दिनांक 16.07.2002 द्वारा मुआवजा भुगतान स्वीकृत किया गया था जिसे मुख्य अभियंता (सिविल) पी.एण्ड.डी./परि. जबलपुर के क्रमांक 1765 दिनांक 18.07.2002 द्वारा सूचित किया गया था। • मुख्य अभियंता (सिविल) टी.एच.पी. सिरमोर के पत्र क्रमांक 91-84/2169 दिनांक 09.08.2002 द्वारा मुआवजा भुगतान अनुमोदन की सूचना अधीक्षण यंत्री (सिविल) –तीन, सिलपरा को दी गई थी जिसे इस कार्यालय में प्राप्त होने पर पूर्ण मुआवजा भुगतान संबंधितों को करने की कार्रवाई माननीय मंत्री महोदय के विधान सभा में दिये आश्वासन के अनुरूप की जा चुकी है। • इसके अनुसार बाणसागर डेम से प्रथम बार माह अगस्त 2000 में 36.57 किमी लंबी संयुक्त जल वाहिनी तथा 6.00 किमी लंबी पावर चेनल-2 में जल प्रवाह चालू किया गया था। इस तरह की बड़ी नहर में प्रथम बार चार्जिंग करने पर कुछ कठिनाईयां आना स्वाभाविक है। अत: उपरोक्त क्षति, किसी भी अधिकारी की लापरवाही से नहीं हुई है तथा किसी को इसके लिए दोषी नहीं पाया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक – 317/271/2012/18-2, दिनांक 08.02.2012**	कोई टिप्पणी नहीं।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
3.	07	अता.प्र.सं.04 (क्र.205) दि.17.01.2001	सागर नगर में ट्रांसपोर्ट नगर बनाने हेतु स्वीकृत राशि को अन्य मदों में खर्च करने की जांच एवं दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्रवाई की जाना।	जांच प्रतिवेदन का परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी।	जांच प्रतिवेदन अनुसार श्री जे.जे. जोशी तात्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर सुधार न्यास और श्री चन्द्र मौली पाण्डेय तात्कालीन आयुक्त नगर निगम सागर उत्तरदायी पाए गए जिस पर संबंधितों को आरोप पत्र दिये जा चुके है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **1723/1461/2013/18-2,** **दिनांक 03.06.2013** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किए जाने के उपरांत अंत में इस सचिवालय के पत्र दिनांक 04.07.2013 से निम्नानुसार अद्यतन जानकारी चाही गई :- ***श्री जे.जे.जोशी तत्कालीन मुख्य नगर-पालिका अधिकारी एवं श्री चन्द्र मौली पाण्डे तत्कालीन आयुक्त नगर निगम को आरोप पत्र कब दिये गये तथा प्रकरण के संदर्भ में जांच एवं कार्रवाई की अद्यतन स्थिति तथा जांच समय सीमा में पूर्ण न होने के लिये संबंधित अधिकारी के विरूद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी से समिति को अवगत करावें।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट – 1 के अनुसार
4.	08	परि.अता.प्र.सं.17 (क्र.1719) दि.22.02.2001	नगर पालिक परिषद बैतूल में आदिवासी उपयोजना मद से प्राप्त अनुदान से क्रय किये गये जी.आई.पाईप में की गई अनियमितता की जांच तथा दोषी परिषद पदाधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्रवाई।	जांच प्रतिवेदन का परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी।	नगर पालिका परिषद बैतूल आदिवासी उपयोजना मद से प्राप्त राशि से क्रय किये जी.आई. पाईप में अनियमितता की जांच कलेक्टर द्वारा कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बैतूल से कराई गई है। जांच में दोषी पाए गए श्री रणवीर कुमार तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैतूल को आरोप पत्र दिये जा चुके हैं। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **3935/968/04/18-2,** **दिनांक 20.09.2004** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत अंत में इस सचिवालय के पत्र दिनांक 05.10.04 से अद्यतन जानकारी चाही गई थी, जो अभी भी अप्राप्त है।	परिशिष्ट - 1 के अनुसार
5.	10	परि.अता.प्र.सं.48 (क्र.3480) दि.22.02.2001	हरदा नगर पालिका. में स्थानीय शासन मंत्री के फर्जी हस्ताक्षरित पत्र के दोषियों तथा पत्र प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई।	पुलिस जांच जारी है । दोषियों के विरूद्ध जांच उपरांत कार्रवाई की जावेगी।	आश्वासन के संबंध में पुलिस अधीक्षक हरदा ने अवगत कराया है कि मा.मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा का हस्ताक्षर युक्त पत्र पूर्व मु.ना.पा.अधि. हरदा को प्राप्त हुआ था। जांच में पाया गया कि हेल्थ क्लब हरदा जो कि हेल्थ स्टेडियम हरदा में संचालित है। किसी को आवंटित नहीं किया गया, फर्जी पत्र कहां से प्राप्त हुआ मालूम नहीं चल सका, थाना हरदा में कोई प्रकरण नहीं है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ 11-41/01/18-1,** **दिनांक 27.04.2005** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत इस सचिवालय द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से अद्यतन जानकारी चाही गई थी, जो अप्राप्त है।	परिशिष्ट - 1 के अनुसार

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
6.	13	अता.प्र.सं.24 (क्र.2666) दि. 28.02.2001	बैतूल के शुभम फोटो चौक के समीप पुलिया निर्माण कार्य की जांच तथा कार्रवाई।	जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।	कार्यपालन यंत्री भोपाल संभाग को जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश देने के कारण प्रकरण प्रक्रियाधीन हो गया है। इस कारण वर्तमान में किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं हैं। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **6204/2008/18-1,** **दिनांक 18.07.2008** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत अंत में इस सचिवालय के पत्र दिनांक 31.10.2012 से निम्नानुसार अद्यतन जानकारी चाही गई :- ***बैतूल के शुभम फोटो चौक के पुलिया निर्माण कार्य की जांच कार्यपालन यंत्री भोपाल संभाग द्वारा किये जाने के पश्चात जांच प्रतिवेदन पर कार्रवाई की अद्यतन स्थिति से समिति अवगत होना चाहती है।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार
7.	18	अता.प्र.सं.01 (क्र.812) दि. 01.03.2001	नगर पालिका डबरा द्वारा श्री राकेश कुमार बाबूलाल झा को परिषद द्वारा बिना नीलामी के लीज पर भूमि दिये जाने की दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई एवं लीज को निरस्त किया जाना।	प्रकरण की जांच कराई जाकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।	प्रकरण की जांच उप संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास ग्वालियर संभाग ग्वालियर द्वारा की गयी। नगर पालिका परिषद डबरा जिला ग्वालियर के स्वामित्व की तहसील रोड पर स्थित रिक्त भूमि 6X10 फुट परिषद के संकल्प क्रमांक 83 दिनांक 09.06.2000 के द्वारा राकेश पत्र बाबूलाल झा को 11 माह के लिए अस्थायी लीज पर दी गई थी। अवधि समाप्त होने पर आवेदक द्वारा पुन: आवेदन प्रस्तुत कर लीज की अवधि 35 माह के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। लीज की अवधि समाप्त हो चुकी है, भूमि/दुकान खाली कराकर निकाय के आधिपत्य में लिया गया। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **3085/3072/2014/18-2,** **दिनांक 16.09.2014**	कोई टिप्पणी नहीं।
8.	23	ता.प्र.सं.11 (क्र.6495) दि. 19.03.2001	सिरोंज नगर पालिका द्वारा ट्रेक्टर व इंजन की खरीदी एवं जनरेटर खरीदने के पूर्व ही राशि का पूर्ण भुगतान किये जाने की जांच एवं कार्रवाई।	नगर पालिका सिरोंज और लटेरी द्वारा प्रश्नाधीन सामग्री की खरीदी संबंधी प्रकरण की जांच कराई जाकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।	प्रकरण में कार्यपालन यंत्री संभागीय कार्यालय भोपाल को जांच करने के निर्देश दिए जाने के कारण प्रकरण प्रक्रियाधीन हो गया। इसके निराकरण में समय लगने की संभावना है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **6200/2008/18-1,** **दिनांक 18.07.2008** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत अंत में इस सचिवालय के पत्र दिनांक 31.10.2012 से निम्नानुसार अद्यतन जानकारी चाही गई :- ***कार्यपालन यंत्री को सौंपी गई जांच की अद्यतन स्थिति से समिति अवगत होना चाहती है।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
9.	25	परि.अता.प्र.सं.05 (क्र.1395) दि. 19.03.2001	सबमर्सिबल पंप खरीदने में दोषी पाए गए सी.एम.ओ. पन्ना एवं तीन अधिकारी, कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई।	जांच की कार्रवाई प्रचलित है।	उप संचालक, सागर को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच के निष्कर्षों के आधार पर प्रक्रियात्मक कार्रवाई प्रारंभ होगी। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **6216/2008/18-1,** **दिनांक 18.07.2008** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत अंत में इस सचिवालय के पत्र दिनांक 31.10.12 से निम्नानुसार अद्यतन जानकारी चाही गई :- ***उप संचालक सागर को सौंपी गई जांच की अद्यतन स्थिति से समिति अवगत होना चाहेगी।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार
10.	30	अता.प्र.सं.21 (क्र.5110) दि. 19.03.2001	हरदा नगर पालिका में पदस्थ सी.एम.ओ. तथा लेखपाल बल्लू मिश्रा के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच व दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई।	जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आगामी कार्रवाई संभव होगी।	प्रकरण की उप संचालक, भोपाल से जांच कराई जा रही है। प्रकरण प्रक्रियाधीन है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **6219/2008/18-1,** **दिनांक 18.07.2008** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत अंत में इस सचिवालय के पत्र दिनांक 31.10.12 से निम्नानुसार अद्यतन जानकारी चाही गई :- ***उप संचालक भोपाल को सौंपी गई अद्यतन जांच की स्थिति से समिति अवगत होना चाहती है।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार
11.	41	परि.अता.प्र.सं.15 (क्र.5365) दि. 27.03.2001	जबलपुर न.नि. में समाचार पत्रों में विज्ञापन दिये जाने संबंधी प्रतिबंध का उल्लंघन कर विज्ञापन दिये जाने की जांच एवं दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई।	जांच हेतु निर्देश दिये जा रहे है जांचोपरांत कार्रवाई का निर्णय लिया जा सकेगा।	संभागीय उपसंचालक जबलपुर से जांच कराई गई जांच अधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि समाचार पत्रों में विज्ञापन पर किये गये व्यय नगर निगम निधि से बजट प्रावधान के अनुसार किये गये है। चूंकि समस्त व्यय निधि से बजट प्रावधान के अनुसार किये गये हैं ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति अथवा अनियमित्ता प्रमाणित नहीं होती है। विज्ञापन पर किये गये व्यय के लिये कोई भी दोषी नहीं पाया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक – 1221/751/2012/18-2,** **दिनांक 31.03.2012**	कोई टिप्पणी नहीं।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
12.	45	परि.अता.प्र.सं.59 (क्र.7422) दि. 27.03.2001	जिला सिवनी की नगर पंचायत बरघाट द्वारा जनविरोधी कार्य किये जाने संबंधी शिकायत की जांच एवं सुलभ कॉमप्लेक्स को पुन: चालू कराने एवं बस स्टेण्ड में जाने वाले मार्ग पर हो रहे निर्माण कार्यों का रोका जाना।	जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर समुचित कार्रवाई की जाएगी।	प्रकरण में जांच करायी गई। जांच में तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री जोगी लाल नामदेव एवं तत्कालीन अध्यक्ष, श्री अनिल सिंह ठाकुर दोषी पाए गए थे। शासन द्वारा श्री जोगी लाल नामदेव के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की जाकर विधि अनुसार कार्रवाई प्रारंभ की जा चुकी है एवं शासन आदेश दिनांक 24.01.2012 द्वारा श्री अनिल सिंह ठाकुर, तत्का. अध्यक्ष, नगर पंचायत, बरघाट जिला-सिवनी को दो वर्ष के लिये निर्वाचन के अयोग्य घोषित किया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ 11-103/2011/18-3,** **दिनांक 03.06.2013** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत अंत में इस सचिवालय के पत्र दिनांक 31.10.12 से निम्नानुसार अद्यतन जानकारी चाही गई :- ***1. प्रकरण में प्रारंभिक जांच कब आदेशित की गई व कब पूर्ण हुई जांचकर्ता अधिकारी का नाम व पद।*** ***2. श्री जोगी लाल नामदेव के विरूद्ध विभागीय जांच कब आदेशित की गई जांच अधिकारी का नाम पद/ प्रस्तुतकर्ता अधिकारी का नाम पद व जारी आदेशों की प्रति भेजे।*** ***3. विलंब के कारणों पर विभागीय टीप।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार
13.	48	परि.अता.प्र.सं.72 (क्र.7552) दि. 27.03.2001	बालाघाट नगर पालिका परिषद की उपाध्यक्ष अनीशा बेगम द्वारा स्टॉक रजिस्टर एवं बिल में सत्यापन किये बिना बिल का भुगतान स्वीकृत करने की जांच एवं कार्रवाई।	प्रकरण में जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।	प्रकरण की जांच करायी गई। प्रकरण में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अध्यक्ष और प्रभारी अध्यक्ष दोषी पाए गए है। अध्यक्ष के विरूद्ध अर्द्ध न्यायिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई चल रही है। प्रकरण में प्रभारी अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को क्रमश: कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **6219/2008/18-1,** **दिनांक 18.07.2008** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत अंत में इस सचिवालय के पत्र दिनांक 15.11.10 द्वारा निम्नानुसार अद्यतन जानकारी चाही गई :- ***अध्यक्ष प्रभारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के बाद प्रकरण की अद्यतन जानकारी से समिति अवगत होना चाहती है।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार

जनवरी-अप्रैल 2001 सत्र
राजस्व विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्रवाई	समिति का अभिमत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
14.	59	ता.प्र.सं.14 (क्र.1021) दि. 19.02.2001	रायसेन जिले में सोम डिस्टलरी से डायवर्सन टैक्स की वसूली।	डायवर्सन वसूली की राशि निर्धारित होने पर ही वसूली की सकेगी।	सोम डिस्टलरीज प्राय.लि. से ग्राम सेहतगंज एवं पीपलखिरिया स्थित भूमि के डायवर्सन प्रकरणों में अनुविभागीय अधिकारी के आदेश उपरांत वर्ष 2011-12 तक की राशि रू. 43313/- डायवर्सन टैक्स के रूप में एस.बी.आई. शाखा रायसेन में चालान के माध्यम से जमा किया जाकर वसूली करा ली गई है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **361/566/2009/सात-6,** **दिनांक 23.02.2013**	कोई टिप्पणी नहीं।
15.	61	परि.अता.प्रं.सं.16 (क्र.1692) दि. 19.02.2001	बैतूल जिले की मुलताई तहसील अंतर्गत भारत पटेल सर्री द्वारा जिलाध्यक्ष बैतूल एवं एस.डी.ओ. राजस्व मुलताई को दिये गये शपथ की जांच एवं कार्रवाई।	जांच उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।	श्री गौरीशंकर, सरपंच दोषी पाये जाने पर अनुविभागीय अधिकारी मुलताई के आदेश दिनांक 02.11.2002 के अनुसार उसे सरपंच के पद से पृथक किया गया व उसके विरूद्ध 1438/- रूपये भू-राजस्व बकाया पाये जाने से इस राशि की वसूली की गई। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **975/161/2013/सात-4 ए,** **दिनांक 18.06.2013**	कोई टिप्पणी नहीं।
16.	64	ता.प्र.सं.11 (क्र.1697) दि. 27.02.2001	बैतूल जिले के मुलताई तहसील के प.ह.न. 22 कोहल्या शिवहरे के कार्यकाल एवं पटवारी मूल रिकार्ड में में अवैध इन्ट्री करने वाले गौरी शंकर पटेल तथा तहसीलदार पटवारी व अन्य दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई।	1. उनका निलंबन कर दिया गया है और विधिवत कार्रवाई करके उनको पद से हटा देंगे। 2. ज्यादा से ज्यादा महिने डेढ़ महिने के अंदर कार्रवाई कर दी जाएगी। 3. सारी जांच करके कार्रवाई की जाएगी। 4. इन सब के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज है उनके खिलाफ विधिवत् कार्रवाई की जाएगी।	1. श्री गौरीशंकर पटेल को निलंबित किया जाकर उनके कार्य अवधि की जांच की जा रही है। 2. प्रथम दृष्टया दोषी पाये गये तत्कालीन तहसीलदार श्री डी.आर. महेश्वर, तत्कालीन राजस्व निरीक्षक श्री सुन्दर लाल मालवीय तत्कालीन पटवारी श्री कोहल्या शिवहरे, श्री रमेश गायकवाड़ व श्री रामदयाल राठौर के विरूद्ध विभागीय जांच प्रचलित है। दोषी कर्मचारी श्री कोहल्या शिवहरे के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने हेतु थाना प्रभारी मुलताई को लिखा है। तत्कालीन तहसीलदार श्री क्यू.ए. खानवे के विरूद्ध कार्रवाई करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य को लिखा है। जांच में दोषी पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ 11-100/2001/सात-4(5),** **दिनांक 01.02.2002** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत अंत में इस सचिवालय पत्र दिनांक 26.11.2010 से निम्नानुसार अद्यतन जानकारी चाही गई थी :- ***बैतूल जिले मुलताई तहसील के पटवारी हल्का न. 22 मूल रिकार्ड में अवैध इन्ट्री करने वाले दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की अद्यतन जानकारी।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
17.	69	अता.प्र.सं.56 (क्र.4456) दि. 27.02.2001	कन्नौद जिला के देवास के वार्ड क्र. 12 में तालाब पर स्थित खेडापति हनुमान मंदिर के आस-पास के तथा अन्य अतिक्रमण हटाया जाना।	नियमानुसार कार्रवाई की जाकर संबंधित द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई तहसीलदार द्वारा की जावेगी। वार्ड क्र. 12 के सभी चिन्हित अतिक्रमणों के अतिक्रमण शीघ्र मुहीम चलाकर विभिन्न विभागों की संयुक्त कार्य योजना तैयार कर हटाये जावेंगे।	तहसील कन्नौद जिला देवास के अंतर्गत कसवा कन्नौद के वार्ड क्र. 12 में तालाब पर स्थित खेडापति हनुमान मंदिर के अतिक्रमण हटा दिये गये हैं। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ 21-45/206/सात-नजूल,** **दिनांक 19.04.2011**	कोई टिप्पणी नहीं।
18.	71	ता.प्र.सं.04 (क्र.5464) दि. 07.03.2001	प्रदेश में सूखे से निपटने हेतु तहसीलों में खर्च की गई राशि	(1) जहां-जहां खर्च नहीं हुआ है उनको दिखवाकर निर्देशित करवाकर कर देगें आवंटन करने के लिए। (2) नाला बंधान के लिए पैसा दिया है और काम करेंगे, काम स्टार्ट करेंगे।	(1) वर्ष 2000-01 में प्रदेश की 32 जिलों की 159 तहसीलें सूखे से प्रभावित हुई। 22490 ग्रामों की लगभग 1.28 करोड़ ग्रामीण जनसंख्या सूखे के प्रकोप से प्रभावित हुई। (2) इन सूखा प्रभावित तहसीलों में प्रभावित जनता को रोजगार उपलब्ध कराया जाकर 1243.55 लाख मानव दिवस सृजित किये गये। इनमें से विभागीय कार्यों से 972.24 लाख तथा राहत कार्यों के माध्यम से 271.31 लाख मानव दिवस सृजित किये गये। (3) सूखे की आपदा से निपटने के लिये प्रदेश शासन ने निम्नानुसार राशि आवंटित की :- **(राशि लाख रू. में)** 1. राहत कार्यों के संचालन हेतु 8677.20 2. नाला बंधान 22.50 3. पेयजल परिहवन ग्रामीण क्षेत्र 451.44 4. पेयजल व्यवस्था नगरीय क्षेत्र 1163.50 5. घास कटाई चारा व्यवस्था 248.00 6. गैर सूखा प्रभावित जिलों में 381.93 **योग :- 10944.57** इसके अतिरिक्त विभागीय मद में 88945.00 लाख की राशि कार्यों के संचालन में उपलब्ध कराई गई। इस प्रकार कुल रूपये 99890 लाख की राशि उपलब्ध कराई गई। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ-10/59/2001/सात-3,** **दिनांक 26.08.2003**	कोई टिप्पणी नहीं।
19.	72	ता.प्र.सं.12 (क्र.5300) दि. 07.03.2001	बीना विधानसभा क्षेत्र में बीना रिफाइनरी को भू-अर्जन की स्वीकृति दी जाना।	प्रकरण शासन स्तर पर विचाराधीन है। प्रकरण में शीघ्र निर्णय लेकर निराकरण किया जाएगा।	राज्य शासन के आदेश क्रमांक-एफ-12-62/95/सात-9/157, दिनांक 6 फरवरी, 1999 द्वारा सागर जिले की बीना स्थित ग्राम कंजिया रैयतवारी की 5.91 हैक्टर निजी भूमि, अर्जन करने की स्वीकृति संबंधित बीना पावर सप्लाई कम्पनी लिमिटेड, को दी जा चुकी है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ/20/04/2011/सात/2ए,** **दिनांक 21.02.2011**	कोई टिप्पणी नहीं।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
20.	75	परि.अता.प्र.सं.37 (क्र.4919) दि. 07.03.2001	अरेरा कालोनी भोपाल में आवासीय प्लाट क्र. ई 1/92 पर व्यवसायिक उपयोग किये जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाना।	पट्टे के शर्त के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज किया गया है । जिसका निराकरण शासन के निर्देशों के तहत किया जावेगा।	अरेरा कालोनी भोपाल में आवासीय प्लाट क्र. ई 1/92 पर व्यवसायिक उपयोग किये जाने के खिलाफ पट्टे की शर्त क्रमांक 17 के उल्लंघन होने पर न्यायालय नजूल अधिकारी के प्रकरण क्रमांक 18/अ-20(4) 99-00 दर्ज किया गया । उक्त प्रकरण कलेक्टर भोपाल के न्यायालय में प्रकरण क्रमांक 9/अ-20(4) 05-06 में आदेश दिनांक 11.07.2006 में शर्त उल्लंघन मानते हुये भूखण्ड राजसात किये जाने के आदेश पारित किये गये थे । जिस पर पट्टाधारी डॉ पारूलकर द्वारा न्यायालय कमिश्नर भोपाल संभाग के समक्ष म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 के अंतर्गत अपील प्रस्तुत की गई थी, उक्त अपील क्रमांक 106/अपील/05-06 में आदेश दिनांक 30.10.06 से कलेक्टर भोपाल के आदेश दिनांक 11.7.06 को कायम रखते हुये अपील खारिज की गयी। पुन: डॉ पारूलकर द्वारा न्यायालय कमिश्नर भोपाल द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध न्यायालय राजस्व मंडल ग्वालियर के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई थी। जिसमें मान. राजस्व मंडल ग्वालियर द्वारा अपने आदेश दिनांक 7.12.2006 पारित किया गया, जिसमें लीज धारी डॉ एस.एल. पारूलकर के लीज भूखण्ड ई-1/92 क्षेत्रफल 8816 वर्गफुट की पट्टा शर्त 17 के उल्लंघन के संबंध में आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल के आदेश दिनांक 30.10.2006 एवं कलेक्टर भोपाल के आदेश दिनांक 11.7.2006 को अपास्त किया जा कर शर्त उल्लंघन समाप्त किया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **2104/2786/2011/सात-नजूल,** **दिनांक 13.09.2012**	कोई टिप्पणी नहीं।
21.	76	अता.प्र.सं.14 (क्र.2511) दि. 07.03.2001	बैतूल जिले की मुलताई तहसील के ग्राम सर्रा में फर्जी इन्ट्री करने पर दोषी पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की जाना।	विभागीय जांच में निर्णय अनुसार ही दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।	श्री कोहल्या शिवहरे तत्कालीन पटवारी वर्तमान राजस्व निरीक्षक को निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित कर विभागीय जांच जारी है एवं आपराधिक प्रकरण दर्ज करने बाबत थाना प्रभारी मुलताई को लिखा गया है । साथ ही रमेश गायकवाड़ वर्कलोड पटवारी को निलंबित किया जाकर विभागीय जांच जारी है, एवं रामदयाल राठौर पटवारी के विरूद्ध भी विभागीय जांच जारी है। सुंदरलाल मालवीय तत्कालीन कानूनगो (वर्तमान में जिला होशंगाबाद) के विरूद्ध विभागीय जांच जारी है । सभी प्रकार से जांच कार्य पूर्ण होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ 11-10/2001/सात-4(5),** **दिनांक 05.01.2002** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत इस सचिवालय के पत्र दिनांक 22.12.2005 से अद्यतन जानकारी चाही गई थी। **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
22.	80	परि.अता.प्र.सं.37 (क्र.5723) दि. 22.03.2001	गुजरात में भूकंप पीडितों की सहायता हेतु मुख्य मंत्री सहायता कोष में प्राप्त राशि को गुजरात सरकार को भेजे जाने की कार्रवाई ।	बैंक में विलेखों को धनराशि का संग्रहण होने के पश्चात् धनराशि भेजने की कार्रवाई की जावेगी।	गुजरात के अब तक भुज के भूकंप पीडितों की सहायतार्थ राज्य के मुख्यमंत्री सहायता कोष में माह नवम्बर तक राशि रूपये 5,60,63,718 =91 पैसे जमा हो चुकी है । मध्यप्रदेश शासन द्वारा गुजरात के भूकंप पीडित ग्राम कोटाय को पुनर्निमाण कार्यों के लिए गोद लिया गया है तथा वहां पर पुनर्निमाण कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं। पुनर्निमाण कार्यों की कुल लागत रूपये 6.50 करोड़ है । पुनर्निमाण के कार्यों में मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा राशि का उपयोग किया जा रहा है । **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ-10-66/2001/सात-सा-3,** **दिनांक 27.13.2001**	कोई टिप्पणी नहीं ।
23.	81	परि.अता.प्र.सं.59 (क्र.6303) दि. 22.03.2001	छतरपुर जिले में मौजा लौड़ी स्थित आराजी नम्बर 632/2 का पुन: सीमांकन कराया जाना।	सर्वे न. 631/2 का पुन: सीमांकन शीघ्र कराया जाएगा ।	न्यायालयीन प्रकरण क्र. 7-3/12/89-90 में पारित आदेश दिनांक 28.2.2001 के प्रकाश में ग्राम लौंड़ी जिला छतरपुर की भूमि खसरा क्र. 631/2 का सीमांकन दिनांक 05.08.03 को करा लिया गया है । **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ-20-173/2001/सात-2ए,** **दिनांक 07.01.2004**	कोई टिप्पणी नहीं ।
24.	82	परि.अता.प्र.सं.60 (क्र.6353) दि. 22.03.2001	भिण्ड जिले की गोहद तहसील के हल्का क्र. 77 में पूर्व पदस्थ पटवारी प्रेमनारायण के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई ।	उपरोक्त प्राप्त शिकायतों की जांच अपर तहसीलदार टप्पा मौ एवं अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा की जा रही है । जांच उपरांत संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाना संभव है।	श्री प्रेमनायण श्रीवास्तव, पटवारी के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच कराने पर दोषी पाए जाने से इनके विरूद्ध आरोप पत्र जारी किए जा चुके है तथा विभागीय जांच संस्थित की जा रही है । ग्राम किटी एवं जारंट के अभिलेख में पाई गई अवैध प्रविष्टियों की तत्कालीन नायब तहसीलदार मौ द्वारा निरस्त करते हुए पूर्व की स्थिति अभिलेख में कायम की जा चुकी है । **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ-11-98/2001/सात-4(5),** **दिनांक 04.03.2002**	कोई टिप्पणी नहीं ।
25.	89	परि.अता.प्र.सं.26 (क्र.6837) दि. 29.3.2001	पथरिया विधानसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति वर्ग के भूमिहीन लोगों को कृषि कार्य हेतु भूमि वितरित करने की अवधि ।	सर्वेक्षण उपरांत नियमानुसार पात्र व्यक्तियों को कृषि भूमि का वितरण दिनांक 30.6.2001 तक करने के निर्देश है ।	पथरिया विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत सर्वेक्षण में पात्र अनुसूचित जाति के 42 व्यक्तियों को रकबा 23.83 एवं अनुसूचित जनजाति के 28 व्यक्तियों को रकबा 21.57 भूमि का बंटन किया गया है । 2. भूमि का वितरण करने की समयावधि 31.12.01 तक बढ़ा दी गई है । **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ 20-191/2001/सात-2 ए,** **दिनांक 11.12.2001** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत अंत में इस सचिवालय के पत्र दिनांक 07.01.2002 से अद्यतन जानकारी चाही गई थी । **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है ।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
26.	93	अता.प्र.सं.25 (क्र.5945) दि. 29.3.2001	होशंगाबाद जिले में कलेक्टर कार्यालय के सेवा निवृत्त कर्मचारी श्री मोहनलाल चौधरी एवं श्री डी.पी. दुबे राजस्व निरीक्षक के स्वत्वों का भुगतान।	भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। शीघ्र ही भुगतान किया जावेगा।	1) श्री डी.पी. दुबे सेवा निवृत्त राजस्व निरीक्षक के सामान्य भविष्य निधि खाता क्रमांक ए.एन.एमपी-32617 अंतिम भुगतान संबंधी प्रकरण में कलेक्टर होशंगाबाद के पत्र दिनांक 21.05.2008 द्वारा ए.जी.एम.पी. को लिखा गया है। 2) श्री मोहनलाल चौधरी सेवा निवृत्त भृत्य तहसील इटारसी के परिवार कल्याण निधि की राशि समूह बीमा योजना की राशि विभागीय भविष्य निधि की राशि तथा पेंशन एवं ग्रेच्यूटी का भुगतान कोषालय अधिकारी होशंगाबाद द्वारा किया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **10/2901/8/सात-4 बी,** **दिनांक 05.01.2001**	कोई टिप्पणी नहीं।
27.	94	अता.प्र.सं.71 (क्र.7543) दि. 29.03.2001	इंदौर जिले में विकसित कॉलोनियों में विकासकर्ता द्वारा बगीचे की भूमि का अन्य उपयोग किये जाने की जांच एवं कार्रवाई।	जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत ही तदनुसार आवश्यक कार्रवाई की जावेगी।	प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष दिवानी प्रकरण क्रमांक 60-ए/07 विचाराधीन है। जिसमें आगामी पेशी तारीख 07.07.2009 द्वारा नियमत की गई है। अत: संसदीय कार्य नियमावली के पद 8.5(9) के अंतर्गत आश्वासन विलोपित किये जाने का अनुरोध है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ 21-91/01/सात-नजूल,** **दिनांक 28.07.2009** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत अंत में इस सचिवालय के पत्र दिनांक 26.11.2002 द्वारा निम्नानुसार अद्यतन जानकारी चाही गई :- ***इंदौर जिले में कॉलोनियों के विकासकर्ता द्वारा बगीचे की भूमि का अन्य उपयोग किये जाने के प्रकरण में मा.न्यायालय द्वारा की गई कार्रवाई की अद्यतन स्थिति।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार
28.	95	ता.प्र.सं.03 (क्र.1255) दि. 03.04.2001	ग्वालियर जिले में सीलिंग एक्ट के अंतर्गत अतिशेष भूमि का भूमिहीनों को आवंटन।	बंटन हेतु अतिशेष भूमि उपलब्ध होने पर नियमानुसार आवंटन किया जावेगा।	भूमि आवंटन की कार्रवाई प्रचलित नियमों के तहत न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत की जाती है। यह सतत प्रक्रिया है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ नम्बर 20-133/2011/सात(शा.-2) A** **दिनांक 14.08.2012** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत अंत में इस सचिवालय के पत्र दिनांक 30.10.2012 द्वारा निम्नानुसार अद्यतन जानकारी चाही गई :- ***विगत 11 वर्षों में सीलिंग एक्ट के तहत कितने भूमिहीनों को अतिशेष भूमि का आवंटन हुआ है इसकी जानकारी दी जाना चाहिए। तदनुसार विगत वर्षों में भूमि हिनों को आवंटित भूमि की अद्यतन जानकारी से समिति अवगत होना चाहेगी।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
29.	100	अता.प्र.सं.14 (क्र.1140) दि. 03.04.2001	जिला टीकमगढ में दिनांक 05.08.97 को रामदास सौर निवासी चकरा द्वारा विक्रय पत्र में लम्पू सौर के नाम से अपना छायाचित्र लगाकर विक्रय कर नामांतरण कराने संबंधी प्रकरण की जांच।	जांच की जाएगी।	जिला टीकमगढ़ के ग्राम डुमरउ मोटा पटवारी हल्का नं. 11 स्थित भूमि खसरा नं. 31.1.1 रकबा 2.013 हे. एवं खसरा नं. 35/18 रकबा 5.855 हे. विक्रेतागण क्रमश: रगवर तनय रम्मुवा सौर, जलमा तनय गुन्चा सौर, गनेशा तनय नन सौर एवं लम्पू तनय उदइयां सौर, निवासीगण चकरा, तहसील टीकमगढ़ द्वारा दिनांक 05.08.1997 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक अ-1/752 द्वारा क्रेता गोटीराम तनय श्री रजमन सौर, निवासी खरों तहसील जतरा हाल निवासी ताल दरवाजा टीकमगढ़ को विक्रय की गई थी। जिसका नामांतरण ग्राम डुमरऊ मोटा की नामांतरण पंजी क्रमांक 17 दिनांक 14.08.1997 के द्वारा क्रेता श्री गोटीराम तनय रजमन सौर के नाम स्वीकृत किया गया था। गोटीराम तनय श्री रजमन सौर, निवासी खरों तहसील जतारा द्वारा उक्त भूमि रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1767 दिनांक 24.02.1998 द्वारा क्रेता श्रीमती रामप्यारी पत्नी श्री दुर्गाप्रसाद तिवारी एवं श्रीमती मीरा पत्नी श्री राजेन्द्र तिवारी को विक्रय की गई। वर्तमान में उक्त भूमि क्रेतागण श्रीमती रामप्यारी तिवारी वगैरह के नाम दर्ज है। रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक अ-1/752 दिनांक 05.08.1997 पर विक्रेता 4 लम्पू तनय उदइयां सौर के नाम से विक्रय पत्र पर चस्पा छाया चित्र का परीक्षण तहसीलदार टीकमगढ़ से कराए जाने पर पाया गया कि लम्पू के स्थान पर रामदास पुत्र लम्पुआ आदिवासी का छायाचित्र चस्पा कर विक्रय पत्र संपादित किया गया है। विक्रय पत्र निष्पादन के समय लम्पू तनय उदइयां सौर की मृत्यु हो चुकी थी और उक्त रजिस्ट्री रामदास के द्वारा ही की गई थी। उक्त प्रकार से संपादित विक्रय पत्र क्रमांक अ-1/752 दिनांक 05.08.1997 अवैध है। **विभागीय पत्र क्रं. –** **डी 1472/1543/2010/सात/6,** **दिनांक 03.09.2012** समिति द्वारा सतत् परीक्षण किये जाने के उपरांत अंत में इस सचिवालय के पत्र दिनांक 30.10.2012 द्वारा निम्नानुसार अद्यतन जानकारी चाही गई :- ***भूमि विक्रय पत्र क्रमांक अ-1/752 दि. 05.08.1997 अवैध पाई गई नियम विरूद्ध भूमि क्रय विक्रय हेतु संबंधितों पर क्या कार्रवाई की गई की अद्यतन स्थिति।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार
30.	102	अता.प्र.सं.33 (क्र.1622) दि. 03.04.2001	तहसील सांवेर की ग्राम पंचायत माता बरोडी के पटवारी हल्का नं.17 की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को हटाया जाना।	ग्राम पंचायत द्वारा ठहराव प्रस्ताव किये जाने पर अतिक्रमण हटा दिया जावेगा।	तहसील सांवेर के ग्राम पंचायत माता बरोडी के ठहराव प्रस्ताव अनुसार हल्का पटवारी व राजस्व निरीक्षक तथा ग्राम पंचायत के सहयोग से पटवारी हल्का नं.-17 के समस्त ग्राम (बधाना, पितावल, माता बरोडी, मेरखेडी, सतलाना) की शासकीय भूमि पर कृषकों द्वारा किये गये अतिक्रमण हटा दिये गये हैं। वर्तमान में शासकीय भूमि पर कोई अतिक्रमण नहीं है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ 20/180/2009/सात-2ए,** **दिनांक 18.07.2011**	कोई टिप्पणी नहीं।

जनवरी-अप्रैल 2001 सत्र
गृह (पुलिस) विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्रवाई	समिति का अभिमत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
31.	112	परि.अता.प्र.सं.65 (क्र.3619) दि. 20.02.2001	जिला दतिया के थाना थरेट में भाई भगत सिंह की हत्या एवं अन्य परिवारजनों को धमकी दिये जाने संबंधी दर्ज प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी की जाना।	शेष 08 आरोपी फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं, दस्तयाब होने पर गिरफ्तार किये जायेंगे।	प्रकरण में आरोपी राममिलन पुत्र हाकिम सिंह, जनवेद सिंह पत्र झार सिंह, कौशल सिंह पुत्र जरदार सिंह, रामअवतार सिंह पुत्र हाकिम सिंह, कदम सिंह पुत्र गंभीर सिंह, विक्रम सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह एवं जगमोहन सिंह पुत्र काशीराम बघेल की गिरफ्तारी की जा चुकी है। शेष 02 फरार आरोपी वीरेन्द्र सिंह गुर्जर एवं छोटे राजा गुर्जर पर दो-दो हजार रूपये का ईनाम घोषित है। प्रकरण में धारा 299 द.प्र.स. के अंतर्गत चालान क्र. 36/02, दिनांक 05.05.2002 तैयार कर न्यायालय पेश किया गया जिसका प्रकरण क्र. 163/02 दिनांक 08.05.2002 है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। **विभागीय पत्र क्रमांक – 4363/3924/2011/बी-1/दो, दिनांक 02.07.2011**	कोई टिप्पणी नहीं।
32.	114	अता.प्र.सं.32 (क्र.2591) दि. 20.02.2001	विकास खण्ड चितरंगी के सकरिया माइक्रो मायनर में हुए भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाना।	स्वीकृति प्राप्त होने पर विधिवत कार्रवाई की जावेगी।	थाना चितरंगी जिला सिंगरौली में अप.क्र. 35/2001 धारा 419,420,467,468,471-ए भादवि एवं 6(क) मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम, 1982 के अंतर्गत में आरोपी 1-अंजनी कुमार पिता शोभाराम वर्मा, 2-बी.वी. सिंह पिता रामचरण सिंह परिहार, 3-राजेन्द्र पिता रामसजीवन मिश्रा एवं 4-प्रहलाद पिता नरसिंह गौतम को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में पूर्ण विवेचना कर चालान क्र. 141/2007, दिनांक 02.11.07 को तैयार कर चालान दिनांक 07.02.2008 को माननीय न्यायिक दण्डाधिकारी देवसर के न्यायालय में पेश किया गया जिसका प्रकरण क्र. 88/2008 है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीनहै। **विभागीय पत्र क्रमांक – 4909/4779/2011/बी-1/दो, दिनांक 28.07.2011**	कोई टिप्पणी नहीं।
33.	115	अता.प्र.सं.54 (क्र.3710) दि. 20.02.2001	मुनीनगर उज्जैन में पुलिस विभाग के आवासों में निवासरत बर्खास्त कर्मचारियों से आवास रिक्त कराया जाना।	कार्रवाई की जा रही है।	मुनीनगर उज्जैन स्थित पुलिस विभाग के आवास गृह जो प्र.आर.(रे) 132 रामसिया तथा आर. 1172-महेश प्रताप सिंह को आवंटित था जिसे पूर्ण रूप से रिक्त कराया गया। **विभागीय पत्र क्रमांक – 5415/8698/2005/बी-4/दो, दिनांक 28.11.2005**	कोई टिप्पणी नहीं।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
34.	117	ता.प्र.सं.04 (क्र.3659) दि. 28.02.2001	इंदौर जिला के थाना सिमरोल में माह सितम्बर, 2000 में अवैध रूप से ले जा रहे लगभग एक करोड़ रूपये मूल्य के एवं ओ.पी.स्प्रीट से भरे गैस टेंकर की जप्ती में एक्साईज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई एवं स्प्रीट मालिक के खिलाफ तथा इसमें कथित रूप से लिप्त केडिया को बडवाह में स्थापित डिस्टलरी की जांच एवं कार्रवाई।	(1) अब जो मुद्दे और आये हैं हम उनकी जांच करवालेंगे। (2) अब जो कोर्ट का निर्णय हो उसके बाद कार्रवाई की जावेगी। (3) धारा 173(8) दप्रस के तहत विवेचना अभी भी चल रही है चाहे केडिया हो चाहे आर.के.खान हो अगर वे दोषी पाये जायेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जावेगी यह मैं आश्वासन देता हूं।	थाना सिमरोल जिला इंदौर के अप.क्र. 245/2000 धारा 467, 468, 471, 120बी भा.द.वि. में चालानी कार्रवाई जिला पुलिस बल इंदौर द्वारा की गई थी जिस पर मान. न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, महू द्वारा दिनांक 05.01.01 को पारित अपने निर्णय में अभियुक्तों को बरी किया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **4377/3925/2011/बी-1/दो,** **दिनांक 02.07.2011**	कोई टिप्पणी नहीं।
35.	123	ध्यानाकर्षण सूचना दि. 05.03.2001	ग्वालियर जिले के ग्राम खेड़ी थाना बिजौली से दि. 28.12.2000 को हथियार बंद लोगों द्वारा महेन्द्र सिंह बघेल के अपहरण में अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई जाना।	चर्चा कर लेगे और निराकरण कर लिया जावेगा।	दि. 26.12.2000 को फरि.खलकसिंह नि. खेड़ी ने अपने तड़के महेन्द्र सिंह बघेल सिंह पकड होने बाबत् रिपोर्ट की थी, जिस पर थाना बिजौली ने अप.क्रं. 185/00 धारा-365, 336, 34 ता.हि. इजाफा 364 ताहि पंजीबद्ध किया जाकर प्रकरण के आरोपियों को गि. कर उनके खिलाफ चा.क्र. 39/01 दि. 29.01.01 कता किया जाकर मान्. जेएमएफसी, ग्वालियर में प्रकरण क्रं. 154/01 दि. 30.04.01 पर पेश किया गया। वर्तमान में प्रकरण कमिट होकर एस.टी.नं. 316/01 माननीय न्यायालय षष्टम एडीजे ग्वालियर में विचाराधीन है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ-13/300/2005/बी-1/दो,** **दिनांक 08.12.2005**	कोई टिप्पणी नहीं।
36.	133	परि.अता.प्र.सं.13 (क्र. 4673) दि. 23.03.2001	दतिया जिले में अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के लोगों की हत्याऐं एवं अपहरण की घटनाओं में अपराधियों के विरूद्ध न्यायालय में चालान पेश किया जाना।	शेष विवेचना पूर्ण होने के उपरांत न्यायालय में पेश किये जायेंगे।	दि. 01.01.2000 से 31.01.2001 तक जिले में अनुसूचित/जनजाति एवं ओबीसी वर्ग के व्यक्तियों की हत्या एवं अपहरण की जानकारी प्रेषित की गई थी जिसमें हत्या के 39 प्रकरणों में 41 प्रकरणों का निराकरण दर्शाते हुए 8 प्रकरण पुलिस विवेचना में लंबित थे जिनमें से 1 प्रकरण में ई.आर., 2 प्रकरणों में एफ.आर., 5 प्रकरणों में चालानकर्ता कर पेश न्यायालय किये गये हैं, जिनमें सभी प्रकरणों में आरोपी दोषमुक्त हुए हैं। इसी प्रकार अपहरण के 7 प्रकरणों में 4 प्रकरणों के निराकरण दर्शाते हुए 3 प्रकरण पुलिस विवेचना में लंबित थे। तीनों प्रकरणों में चालानकर्ता कर पेश न्यायालय किये गये हैं जिनमें सभी प्रकरण में आरोपीगण दोषमुक्त किये गये। इसी प्रकार अपहरण के 1 प्रकरण में 2 अभियुक्त मुक्ति हेतु लंबित थे जो दोनों अपहृत दिनांक 02.03.2001 को सकुशल मुक्त कराये गये हैं। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **4002/3429/2011/बी-1/दो,** **दिनांक 10.06.2011**	कोई टिप्पणी नहीं।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
37.	135	परि.अता.प्र.सं.20 (क्र.5060) दि. 23.03.2001	छतरपुर जिले में वर्ष 1998 से जनवरी 2001 तक दर्ज प्रकरणों पर कार्रवाई।	लंबित प्रकरणों की विवेचना जारी है जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी के सतत प्रयास जारी है।	उक्त अवधि में लंबित प्रकरणों में से मात्र 01 प्रकरण लंबित था। थाना हरपालपुर का अप.क्र. 65/98 विवचेना में लंबित था जिसमें आरोपियों के विरूद्ध साक्ष्य न मिलने के कारण खात्मा क्र. 5/05, दिनांक 31.12.05 कता किया गया है । सभी प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **4389/3926/2011/बी-1/दो,** **दिनांक 02.07.2011**	कोई टिप्पणी नहीं।

जनवरी-अप्रैल 2001 सत्र
जल संसाधन विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्रवाई	समिति का अभिमत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
38.	157	अता.प्र.सं.85 (क्र.5626) दि. 07.03.2001	जल संसाधन संभाग भोपाल अंतर्गत यंत्रियों के विरूद्ध विभागीय जांच के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाना।	जांच प्रक्रिया गतिशील है।	यंत्रियों के विरूद्ध लंबित विभागीय जांच समाप्त की जा चुकी है। **विभागीय पत्र क्रमांक – R-1878/पी-2/31/1010, दिनांक 05.07.2011**	कोई टिप्पणी नहीं।
39.	162	परि.अता.प्र.सं.85 (क्र.7007) दि. 22.03.2001	हिरन जल संसाधन विभाग जबलपुर में जलाशयों के निर्माण कार्यों में सी.टी.ई. जांच प्रतिवेदन में पाई गई अनियमितता में दोषी अधिकारी/ कर्मचारी के विरूद्ध कार्रवाई।	जांच प्रतिवेदन मुख्य तकनीकी परीक्षक (स) के पास परीक्षण हेतु विचाराधीन है । अत: मुख्य तकनीकी परीक्षक (स) के निर्देश उपरांत कार्रवाई की जावेगी ।	मुख्य तकनीकी परीक्षक द्वारा प्रकरण क्र. 7/93-94,165/94-95 एवं 161/96-97 जांच उपरांत प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया गया है कोई भी कर्मचारी/अधिकारी दोषी नहीं पाये गये है। **विभागीय पत्र क्रमांक – एफ-21-21/पी-2/31/01/722, दिनांक 28.05.2011**	कोई टिप्पणी नहीं।
40.	165 (अ)	परि.अता.प्र.सं.05 (क्र.4927) दि. 29.03.2001	सेमरी कला बांध की माप पुस्तिका एवं पूर्व पदस्थापना में भी दस्तावेजों में हेराफेरी एवं जालसाजी करने वाले उपयंत्री के विरूद्ध कार्रवाई।	गुणदोष के आधार पर कार्रवाई की जावेगी।	श्री एस.के.खण्डेलवाल उपयंत्री के विरूद्ध सेमरीकलां बांध के निर्माण की निविदा अनुबंध क्रं. 222 से संबंधित कार्य निष्पादन एवं भुगतान में हुई अनियमितताओं की जांच के परिपेक्ष्य में मु.अभि. चंबल, बेतवा, कछार भोपाल के आदेश क्रं. 90/स्था-4/च.बे./01 द्वारा श्री खण्डेलवाल के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थापित कर आरोप पत्रादि दि. 03.08.01 को जारी किये गये । अधीक्षण यंत्री (जांचकर्ता अधि.) के जांच प्रतिवेदन में आरोप आंशिक रूप से सिद्ध पाये जाने के कारण मु.अभि. चंबल, बेतवा, कछार भोपाल के आदेश क्रं. 32/स्था4/च.बे./04 दि. 02.11.04 द्वारा परिनिंदा शास्ति अधिरोपित कर श्री खण्डेलवाल उपयंत्री के विरूद्ध विभागीय जांच समाप्त की गई है। **विभागीय पत्र क्रमांक – एफ-21-36/पी-2/31/10, दिनांक 16.06.2011**	कोई टिप्पणी नहीं।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
41.	248	ता.प्र.सं.10 (क्र.2011) दि.08.03.2001	1.होशंगाबाद आयुक्त कार्यालय में मूल अभिलेख गुम होने के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध उत्तरदायित्व का निर्धारण। 2.वर्ष 1989 में प्रतिबंध के बावजूद पटवारी पद के विरूद्ध निम्न श्रेणी लिपिक की नियुक्ति की जांच। 3.उक्त कार्यालय में एक करोड़ रूपये के घपले की उच्च स्तरीय जांच तथा कार्रवाई।	1. इस अभिलेखों के न मिल पाने पर उत्तरदायित्व निर्धारण कर आवश्यक कार्रवाई की जावेगी। 2. इस मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दे दिये हैं। पटवारी के पद पर किसी को लेकर गलत रेग्युलाइज किया है तो मैंने उसके लिये आयुक्त और सेक्रेटरी को निर्देश दिये हैं। 3. मैने इसको बहुत गंभीरता से लिया है और सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं और मैं स्वयं देखूंगी कि शीघ्र अतिशीघ्र नियमानुसार कार्रवाई इसमें होगी।	परियोजना प्रशासक तवा कमाण्ड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन प्रकोष्ठ विभाग के पत्र दिनांक 05.12.2014 के अनुसार तवा आयाकट विकास प्राधिकरण में रू. 11 लाख के गबन संबंधी प्रकरण में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा जांच उपरांत प्रकरण विशेष न्यायाधीश भोपाल के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था । न्यायालय द्वारा प्रकरण में दिनांक 03.01.2009 को खात्मा स्वीकार किया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **553/779/2012/सा./31,** **दिनांक 11.09.2015**	कोई टिप्पणी नहीं।

जनवरी-अप्रैल 2001 सत्र
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्रवाई	समिति का अभिमत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
42.	168	अता.प्र.सं.2 (क्र.110) दि. 26.02.2001	जिला देवास में टी.टी. ऑपरेशन कराने वाले प्राध्यापक को वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाना।	संबंधित प्राध्यापक द्वारा उक्त कार्य कराकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के उपरांत उन्हें वेतन वृद्धि देने की कार्रवाई की जा सकेगी।	पात्र संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को वेतन वृद्धि का लाभ दिया जा रहा है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **2781/2849/2010/सत्रह/मेडि-1,** **दिनांक 06.02.2010**	कोई टिप्पणी नहीं।
43.	172	परि.अता.प्र.सं.44 (क्र.5452) दि. 21.03.2001	कराहल में 10 बिस्तरीय वार्ड का निर्माण कार्य प्रारंभ न किये जाने की जांच तथा दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाना	जांच उपरांत ही दोषी पाए जाने पर यथोचित कार्रवाई की जावेगी।	कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग श्योपुर से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर करहाल ने 10 बिस्तरीय वार्ड एवं ओ.टी. के निर्माण कार्य को देरी से प्रारंभ करने के लिये लोक निर्माण विभाग का कोई अधिकारी/कर्मचारी दोषी नहीं है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ-16-119/04/17/मेडि-1,** **दिनांक 28.05.2005** समिति द्वारा सतत् परीक्षणोपरान्त अंत में इस सचिवालय के पत्र क्र. 13074/वि.स./आश्वा./2005, दिनांक 16.06.2005 द्वारा निम्नानुसार अद्यतन जानकारी चाही गई :- ***जांच प्रतिवेदन एवं जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई कार्रवाई की अद्यतन स्थिति।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट – 1 के अनुसार

जनवरी-अप्रैल 2001 सत्र
चिकित्सा शिक्षा विभाग

स.क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न संख्या, प्रश्न क्रमांक, दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्रवाई	समिति का अभिमत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
44.	184	ता.प्र.सं.02 (क्र. 4609) दि. 05.03.2001	प्रदेश के मेडिकल कालेजों के छात्रों/ छात्राओं को होस्टल में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाना।	कुछ छात्रावासों में सुविधा उपलब्ध करा दी गई है जहाँ नहीं होगी वहाँ सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी।	प्रदेश मे संचालित 5 स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु होस्टल सुविधा उपलब्ध है। इन स्वशासी महाविद्यालयों की होस्टलों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध संबंधी संस्थावार जानकारी निम्नानुसार प्रस्तुत है:- (1) चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर यहाँ अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिये होस्टल संबंधी मूलभूत सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। (2) चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर इस संस्था में निम्नानुसार होस्टल है :- 1. पीजी होस्टल 2. सीनियर बॉयज होस्टल 3. सीनियर गर्ल्स होस्टल 4. पंडित रविशंकर होस्टल 5. जूनियर गर्ल्स होस्टल उक्त पांचों होस्टलों में लेटरिन, बाथरूम, पीने का पानी (एक्वागार्ड एवं वाटर कूलर) लाईट, गैस, कामन हाल, टीवी रूम, एक्सरसाईज का समान आदि की मूलभूत सुविधा है। **03 चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर यहाँ के सभी होस्टलों में निम्नानुसार सुविधा उपलब्ध हैं :-** टायलेटों का नवीनीकरण, नई बिजली फिटिंग, एक्वागार्ड, वाटर कुलर, गीजर, बाहरी दिवारों पर रंग रोगन, पलंगो का सुधार, गर्ल्स होस्टल की बाउण्ड्रीवाल, बिजली के नए मीटर, टेलीफोन, मेस का रंग रोगन, मेस में टेबिले, छात्र/छात्राओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दैनिक वेतन कर्मचारी लगाए गये है। **04 चिकित्सा महाविद्यालय रीवा-में तीन छात्रावास है जिसमें निम्नलिखित सुविधा उपलब्ध है :-** 1. तीनों छात्रावासों में वार्डन एवं असिस्टेंट वार्डन कार्यरत है। 2. तीनों छात्रावासों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के साथ वाटर कूलर एवं एक्वागार्ड की व्यवस्था है। 3. समुचित प्रकाश एवं फर्नीचर की व्यवस्था है। 4. चौकीदार एवं स्वच्छक की व्यवस्था है। 5. कन्या छात्रावास में 24 घण्टे सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था है। 6. को-आपरेटिव मेस की व्यवस्था है । 05 चिकित्सा	कोई टिप्पणी नहीं।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
					महाविद्यालय भोपाल वर्ष 2001 के पश्चात गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल की ए, बी, सी, डी, ई, एफ छात्रावासो मे रहने वाले छात्र एवं छात्रों को मूलभूत सुविधा जैसे छात्रावास में सुधार एवं निर्माण कार्य/अन्य सामग्रियों की पूर्ति समय-समय पर उपलब्ध कराई गई है। **विभागीय पत्र क्रमांक –** **एफ 10-50/2011/55-1,** **दिनांक 01.08.2011**	
